दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

•डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रकाशित•

•न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 49 • मुंबई,सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • निःशुल्क •

# पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत के सपने को पूरा करने आगे बढ़ रहा

## इस पहल को तीन साल पूरे, पीएम मोदी ने की प्रयासों की सराहना



**नई दिल्ली ।** पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम गति शक्ति पहल के आज रविवार को तीन साल पूरे हो गए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने इसके भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने पीएम गति शक्ति के जरिए से भारत के बुनियादी ढांचे को स्मार्ट और एकीकृत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- गति शक्ति की बदौलत देश अब विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ। इस पहल के तहत कई क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स को सुधारने, देरी को कम करने और नए अवसरों को पैदा करने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। इससे कई परियोजनाओं की कार्यान्वयन गति में सुधार हुआ है और भारत के विकास की दिशा को तेज किया गया है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्वीट कर लिखा- आज पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को तीन साल पूरे हो गए हैं। इस पहल ने लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित किया और कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे परियोजनाओं की गति में तेजी आई और यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। पीएम गति शक्ति पहल के तहत देश में बुनियादी ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं, जिससे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में नया विश्वास और गति आई है।

# बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा, ग्लैक्सी अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में पुलिसबल तैनात

**मुंबई ।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की शाम सरेआम हत्या कर दी गई। सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर बांद्रा खेरवाड़ी सिगनल के पास थे जब उन पर गोलीबारी हुई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए हैं। हत्यारों ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से अपना संबंध बताया है,और लॉरेंस सलमान को मारने की धमकी दी है। बाबा सिद्दीकी के काफी करीबी दोस्त माने जाते हैं सलमान इसलिए उनकी सुरक्षा कड़ी की गई है।

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को हॉस्पिटल तक जाने से रोका गया है। सूत्रों की मानें तो सलमान को पुलिस ने अस्पताल आने-जाने से मना कर दिया है और उन्हें घर में ही रहने की हिदायत दी गई है। हालांकि देर रात सलमान खान लीलावती हॉस्पिटल पहुंचे थे।

सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हो चुकी है फायरिंग

यहां बताते चलें कि सलमान खान के मुंबई स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग हुई थी। यह अलग बात है कि



इसमें कोई घायल नहीं हुआ था लेकिन इस दौरान सलमान घर पर ही थे और गोलियां की आवाज से ही उनकी नींद खुली थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक लॉरेंस समेत 9 लोगों को आरोपी बनाया है। जांच चल रही है।

## रात में शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर निठाउवा पुलिस की कार्रवाई

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी रघुवीरसिंह ने पुलिस टीम के साथ 12 अक्टूबर 2024 को साबला-निठाउवा रोड पर करबा रीछा के पास गश्त के दौरान तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। शराब पीकर उत्पात मचाने वाले आरोपियों में गोपाल मीणा (25), खेमराज उर्फ विशाल मीणा (22), और सुरेश मीणा (35) शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी बीएनएसएस के तहत की गई और 13 अक्टूबर को उपखंड न्यायालय साबला में पेश किया जाएगा।

पुलिस टीम में रघुवीरसिंह, हजारीलाल, कानसिंह, चंदलाल, और विशाल शामिल थे।

# उदयपुर अंचल के ऑल आदिवासी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी के क्रिक्रेट टूर्नामेंट का समापन

### राणा पूंजा वॉरियर सिरोही ने जीता खिताब , बसिया भील केपिटल बांसवाड़ा रही उपविजेता

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** ऑल आदिवासी डॉक्टर्स वेलफेयर सॉसाययटी के तत्वावधान में ट्राइबल डॉक्टर्स क्रिकेट क्लब द्वारा बाँसवाड़ा में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। जिसके विजेता सिरोही उपविजेता .बाँसवाड़ा रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उदयपुर के सीएमएचओ डॉ शंकर बामनिया ,बाँसवाड़ा उप मुख्य चिकित्सा एवं स्ववस्था अधिकारी डॉ. राहुल डिंडोर , आर्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ सोहन पारगी, रिदम हॉस्पिटल से जतिन, महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ थावरचंद मईड़ा, आरसीएचओ डॉ. दिनेश भाबोर ,ताजक लैब डूंगरपुर से डॉ पिंटू आहारी, भारतीय ब्लड बैंक से डॉ प्रकाश पटेल, सत्यनाम विकास



संस्थान चिकली तेजा से डॉ भंवर पटेल, तैयब मोटर्स से मुफद्दल भाई , गांगड़तलाई मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से डॉ दिनेश भाबोर एवं डॉ लोकेश डामोर उपस्थित रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक निनमा ने बताया कि दक्षिण राजस्थान के जनजाति क्षेत्र के सेवारत लगभग 700 चिकित्सक सभी ज़िलों में खेल प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्रवासियो में स्वास्थ्य जागरूकता संदेश देने की उम्दा कोशिश कर रहे है। डॉ. दीपक ने बताया कि प्रतियोगिता में जनजाति क्षेत्र की कुल 6 टीम उदा खराड़ी सुपर जाइंट उदयपुर, बासिया भील कैपिटल बाँसवाड़ा, किंग सोनार रॉयल सलूंबर, राजा डूंगर पैंथर डूंगरपुर, राणा पूंजा वॉरियर सिरोही, वालिया भील नाइट राइडर्स प्रतापगढ़ से लगभग 90 आदिवासी डॉक्टर्स ने भाग लिया। बाँसवाड़ा क्रिकेट कमेटी से डॉक्टर प्रेम निममा ने बताया कि 3 दिवसीय ट्राइबल डॉक्टर्स क्रिकेट लीग सीजन 8 एमएसबी ग्राउंड में खेला गया जिसका क्रिक हीरोज पर लाइव भी देखा गया। इस तीन दिवसीय ट्राइबल क्रिकेट लीग की आयोजन कमेटी के डॉ नरेंद्र मईड़ा, डॉ सुशील मीणा,डॉ राकेश कटारा, डॉ अभिषेक रावत, डॉ निर्मल डाबी आदि उपस्थित रहे।

# बाबा सिद्दीकी हत्या मामला - महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

### पवार और उद्धव बोले- सरकार को बदलना चाहिए

**मुंबई ।** मुंबई में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या पर अब राजनीति गर्माने लगी है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने हत्या मामले में जहां महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं तो वहीं नेताद्वय ने इस घटना को लेकर शिंदे सरकार को बदलने की बात तक कह डाली है। मुंबई में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने इस हत्या मामले को लेकर सीधे शिंदे सरकार पर हमला बोला है और महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एनसपी नेता पवार ने कहा है, कि महाराष्ट्र को सबसे अच्छे प्रशासन वाले राज्य के रूप में देश में जाना जाता था, लेकिन वर्तमान सरकार अच्छा प्रबंधन नहीं कर पा रही है। पिछली तीन कैबिनेट में जो फैसले लिए गए, अगर उन्हें ही देख लें तो आखिर कितने फैसलों पर अमल किया जा सका है? इसी



से महाराष्ट्र के प्रशासन की स्थिति आज आपको समझ में आ जाएगी। वहीं उद्धव ठाकरे ने शिंदे सरकार पर निशाना साधा और कहा, कि कल ही मैंने रैली में कहा था कि इस विधानसभा चुनाव में मौजूदा भ्रष्ट सरकार को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि मुंबई में दो पुलिस कमिश्नर हैं तो कम से कम मुंबई को सुरक्षित भी रखें। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस का क्या काम है? उन्होंने कहा कि इस मामले में गृहमंत्री को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस मामले को लेकर देवेंद्र फड़णवीस ने बयान दिया है और कहा है कि यदि गाड़ी के नीचे कुत्ता आ जाए तो आप मुझसे इस्तीफा मांगने लगेंगे, ऐसे लोग सत्ता पर कैसे हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि विज्ञापन पर खर्च होने वाला धन लोगों की भलाई के लिए खर्च किया जाना चाहिए। अब चूंकि महाराष्ट्र में अनकरीब विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, अत» शिंदे सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना भी लाजमी है।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने पंजाब के राज्यपाल कटारिया को दी बधाई

पदमावत मीडिया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को उनके जन्म दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं । देवनानी ने कटारिया से दूरभाष पर बात करके उन्हें जन्मदिन की बधाई दी । देवनानी ने कटारिया को सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। देवनानी ने कहा है कि कटारिया का राजस्थान से गहरा जुड़ाव है। यह राज्य उनकी कर्म भूमि रहा है। कटारिया जमीन से जुड़े नेता रहे हैं इसलिए प्रदेश में जन-जन में उनकी विशिष्ट पहचान है।

## पुलिस लाइन में आयोजित होगा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए जागरूकता कैम्प

पदमावत मीडिया

**अजमेर** डिस्कॉम पुलिस कर्मियों को बताएगा किस तरह इस योजना के तहत 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिल सकेगी

अजमेर । प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रचार प्रसार हेतु कल प्रातः 8 बजे पुलिस लाइन में जागरूकता कार्यक्रम अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी।

जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि शिविर के दौरान पुलिसकर्मी रूफटॉप सोलर तथा इस योजना से संबंधित अपने सभी प्रश्नों के उत्तर एक्सपर्ट्स से पूछ सकते हैं। इस योजना के तहत रूफटॉप सोलर लगाने पर केंद्र सरकार द्वारा 78000 रुपयों की सब्सिडी दी जा रही है, जिससे उपभोक्ता को प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिल सकेगी।

उन्होंने बताया कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और टाटा पावर की अधिकारियों के साथ सर्विस प्रोवाइडर वेंडर्स, बैंकिंग प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

# दौसा पुलिस की नवाचारी पहल दौसा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

## खेलों से पुलिस-जनता के बीच बनता है बेहतर समन्वय - पुलिस महानिदेशक

पदमावत मीडिया

**जयपुर/दौसा ।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यूआर साहू ने कहा कि खेलों के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। साहू रविवार को यहां राजेश पायलट स्टेडियम में जिला पुलिस की नवाचारी पहल दौसा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

पुलिस महानिदेशक ने दौसा पुलिस की अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस साल प्रदेश की पुलिस में इस प्रकार का यह पहला प्रयास है, जो बहुत ही व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्थानों पर क्रिकेट मैचों का आयोजन किया गया, जिसमें जन समुदाय की व्यापक भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पुलिस और जनता के बीच अच्छा समन्वय स्थापित होता है, जो पुलिस वर्किंग के अलावा सामान्य समय में भी मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों को जनता के साथ मिलकर विभागीय काम से हटकर कुछ अलग करने का अवसर मिलता है, जो उनमें एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है।

पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम) हेमंत प्रियदर्शिनी ने कहा कि इस आयोजन से पुलिस का जनता के साथ जुड़ाव मजबूत होगा। साथ ही, पुलिस को आमजन के साथ काम करने और जीतने की प्रेरणा मिलेगी।

**रेंज के अन्य जिलों में भी अपनाने की घोषणा**

जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल लांबा ने कहा कि आमजन से जुड़ाव के लिए शुरू किए गए इस नवाचारी अध्याय को यहां निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने दौसा प्रीमियर लीग को कम्यूनिटी पुलिसिंग का विस्तार गतिविधि बताते हुए कहा कि इससे पुलिस कार्यप्रणाली में एक नई दशा और दिशा मिलेगी। उन्होंने इस अभिनव पहल को रेंज के अन्य जिलों में भी अपनाने की घोषणा की।

**32 टीमों में पुलिसकर्मियों एवं अन्य युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया**

इससे पहले जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने समापन समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस साल डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस में पुलिस को खेलों के माध्यम से विशेषकर युवाओं एवं आमजन से जुड़ने का आह्वान किया था। उसी सोच के अनुरूप इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें कुल 32 टीमों में पुलिसकर्मियों एवं अन्य युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एक पूर्णतः महिला खिलाड़ियों की टीम थी।

**आमजन ने भरपूर सहयोग कर किया नवाचारी पहल का स्वागत**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महवा, लालसोट, बांदीकुई एवं दौसा के स्टेडियमों में 10 दिन तक आयोजित मैचों में आमजन ने भरपूर सहयोग कर इस नवाचारी पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से पुलिस में एक सकारात्मक वातावरण स्थापित करने में मदद मिली है। साथ ही, समाज के नए साथियों के जुड़ने से पुलिस का आसूचना तंत्र मजबूत होगा।

**हॉस्पिटल हैरियर टीम बनी पहली चैंपियन**

हॉस्पिटल हैरियर टीम ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में बेजुपाड़ा ब्रेवो टीम को एक विकेट से हराकर दौसा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की पहली चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। हॉस्पिटल हैरियर के आशुतोष तिवाड़ी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



**बेजुपाड़ा ब्रेवो के संगीत मीणा बने बेस्ट प्लेयर ऑफ लीग**

पूरी प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। बेजुपाड़ा ब्रेवो टीम के संगीत मीणा को बेस्ट प्लेयर ऑफ लीग का खिताब प्रदान किया गया। इसी प्रकार लालसोट लॉयंस के सागर को बेस्ट फील्डर ऑफ लीग, बालाजी मैजिक% के अनु सिंघल को बेस्ट बॉलर ऑफ लीग, बसवा ब्लास्टर के अनिल शर्मा को बेस्ट बैट्समैन ऑफ लीग का पुरस्कार प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले में विपरीत परिस्थितियों में पांच छक्के लगाने वाले बेजुपाड़ा ब्रेवो टीम के बल्लेबाज अभिषेक को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश, जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार, उप वन संरक्षक अजीत उचोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल सहित पुलिस अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित थे।

## असहाय, आश्रयहीन, बीमार प्रभुजी की सेवार्थ विशेष रेस्क्यू अभियान आज से

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजस्थान को आश्रयहीन, असहाय, निशक्त, लावारिस जन मुक्त करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं संस्था मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर आश्रम भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान में विशेष रेस्क्यू अभियान प्रदेशभर में एक साथ चलाया जा रहा है।

यह अभियान उदयपुर एवं बांसवाड़ा जिले में 14 एवं 15 अक्टूबर को संचालित होगा। अपना घर आश्रम सचिव गोपाल कनेरिया ने बताया कि उदयपुर में इस अभियान की शुरुआत सोमवार 14 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे बेदला स्थित अपना घर आश्रम उदयपुर से होगी जिसके तहत राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, अभियान प्रभारी शैलेंद्र त्यागी, बेदला सरपंच श्रीमती निर्मला प्रजापत, समाजसेवी बंशीलाल कुम्हार , आश्रम अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय चार एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# जयपुर में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की विशेष टीम की कार्रवाई

पदमावत मीडिया

परिवादी ने 10 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे घर लौटने पर उसकी बच्ची गायब थी। तलाश के बाद करीब 1 बजे बोलेरो गाड़ी में कुछ लोग बच्ची को घर के पास पटककर चले गए। बच्ची गंभीर रूप से घायल थी और उसने बताया कि कुंदन मीणा, रामोतार मीणा, दीपक मीणा और गिर्राज मीणा ने उसका बलात्कार किया और मारपीट की। बच्ची की गंभीर हालत में इलाज स्स्र्स अस्पताल में चल रहा है। इस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है।

बीजू जॉर्ज जोसेफ, पुलिस आयुक्त जयपुर के निर्देश पर राशि डोगरा डूडी के नेतृत्व में, श्री दुर्गासिंह राजपुरोहित और श्री भोपाल सिंह भाटी के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई। राजेश कुमार, ईश्वर पारिक, और अन्य पुलिसकर्मियों की इस टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच और तकनीकी सहायता के जरिए 13 अक्टूबर को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो भागने की फिराक में थे। दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं और मामले में अनुसंधान जारी है।



पुलिस टीम में राजेश कुमार, थानाधिकारी, पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर, ईश्वर पारिक, थानाधिकारी, पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर,हरिओम, एसआई, पुलिस थाना संजय सर्किल,सतीशचंद, एसआई, पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर,अजीतसिंह, क ा ंस्ट ेब ल , ओ म प्र क ा श , कांस्टेबल,बलवीर सिंह, कांस्टेबल,पवन, कांस्टेबल,नवल किशोर, कांस्टेबल,प्रदीप कुमार, कांस्टेबल शामिल रहे...

# उदयपुर जिले में कल्याणपुर पुलिस ने किया विद्युत ट्रांसफार्मरों से कॉपर वाइंडिंग, आयल व नट बोल्ट की चोरी की वारदातों का खुलासा

## तीन अभियुक्त गिरफ्तार, प्रारंभिक पूछताछ में 23 वारदातें स्वीकारी



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के कल्याणपुर थाना पुलिस की टीम ने विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर वाइंडिंग तेल व्हेन नट बोल्ट आदि की छोरियों की वारदातों का खुलासा कर तीन आरोपियों भैरा पुत्र नाना निवासी कागदर फला माण्डवा रिजुआ घाटी थाना ऋषभदेव एवं सुरेश पुत्र पूंजा व प्रवीण पुत्र वालजी निवासी रजोल फला उदात थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने 23 वारदातें करना स्वीकार किया है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 6 सितंबर को विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता इन्द्रजीत सिंह पिता राजेन्द्र सिंह शक्तावत ने रिपोर्ट पेश की कि 07 अगस्त, 2024 को गमेती फला कटेव, 24 अगस्त को गांव पहाडा, 28 अगस्त को गांव पण्डया वाडा राजपूत मोहल्ला व 02 सितम्बर को गांव कानपुर आदि में अज्ञात बदमाश विद्युत ट्रान्सफार्मर को नुकसान कर कॉपर वाइंण्डिग, नट बोल्ट व ऑयल चोरी कर ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया।

जिले में विद्युत ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा तेल कॉपर वाइंडिंग आदि चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए एसपी गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल व सीओ राजीव राहर के सुपरविजन में एसएचओ उम्मेदीलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा आज सूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से इन तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 23 वारदातों का खुलासा किया है।

तरीका वारदात

अभियुक्त विद्युत ट्रान्सफार्मर के आसपास से गुजरने वाली तीन फैज लाईन के तीनो तारों को रस्सी से एक साथ खींच कर किसी पेड़ या मजबूत सहारे से बांध देते। जिससे मैन विद्युत लाईन फाल्ट हो जाती, फिर इनमें से एक व्यक्ति विद्युत पोल पर चढ़ता तथा ट्रान्सफार्मर को जोड़ने वाली मैन लाईन के केबल को लोहे के बने हुए कटर से काट देते एवं ट्रान्सफार्मर को रस्सी से बांधकर तीनों अभियुक्त पोल से नीचे की तरफ खींचते तथा नीचे गिरा देते। फिर ट्रान्सफार्मर को खोल कर कॉपर वाईण्डिग, ऑयल व नट बोल्ट को चुरा कर मोटरसाईकिल से भाग जाते।

इन वारदातो का हुआ खुलासा

पूछताछ में आरोपियों ने कल्याणपुर क्षेत्र में 15 ट्रान्सफार्मर से कॉपर वाईडिंग व नट बोल्ट चोरी, थाना ऋषभदेव क्षेत्र में 01 ट्रान्सफार्मर से कॉपर वाईडिंग, ऑयल व नट बोल्ट चोरी, थाना खैरवाडा क्षैत्र में 01 ट्रान्सफार्मर से कॉपर वाईडिंग, ऑयल व नट बोल्ट चोरी, थाना बावलवाडा क्षेत्र में 01 ट्रान्सफार्मर से कॉपर वाईडिंग व नट बोल्ट चोरी, थाना परसाद क्षैत्र में 02 ट्रान्सफार्मर से कॉपर वाईडिंग व नट बोल्ट चोरी एवं थाना सराडा क्षैत्र में 03 ट्रान्सफार्मर से कॉपर वाईडिंग व नट बोल्ट चोरी की वारदात स्वीकार की है।

# गातोड़जी मेले मे उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

पदमावत मीडिया



**जयसमंद ।** वीरपुरा गांव में स्थित गातोड़जी बावजी का दो दिवसीय मेले का आयोजन रविवार से शुरू हुआ। जहां पहले दिन मेला शांतिपूर्ण रहा इधर मेले में आसपास सहित दूरदराज से आये मेलार्थियों ने मेले में घूमने खाने खरीददारी झूलो मे झूलने का आनंद लिया। वहीं छोटे बच्चों ने झूले व चकरी में बैठने का लुत्फ उठाया और जमकर खिलोने की खरीददारी की । इसी तरह महिलाओं ने घरेलू आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की तो कई लोग मिठाइयां की खरीदारी की व गर्मागर्म चाट व जलेबियों की स्टॉलों पर भीड़ बनी रही। इस दौरान मेले मे आये लोगों ने गातोड़जी बावजी के दर्शनों का लाभ लिया। मेला स्थल से जयसमंद बस स्टैंड तक भीड़ दिखी । मेले के दौरान सुबह चली बारिश की बूंदाबून्दी के कारण व्यापारियों और मेलार्थीयों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा हालांकि बारिश के रुकने के बाद मेला परवान पर चढ़ा और मेलार्थियों ने खूब आनंद लिया ढ्ढ मेले को लेकर ग्राम पंचायत की ओर से बिजली व पानी की सुविधा की गई। मेले मे जयसमंद, सराड़ा, सेमारी, सलूंबर, झल्लारा, मेवल छप्पन वागड़ क्षेत्र सहित दूरदराज से मेलार्थी पहुंचे। रविवार को मेले का अंतिम दिन है और रविवार को भी मेलार्थी मेले का आंनद ले सकेंगे ढ्ढ मेले मे शांति और सुरक्षा को लेकर सराड़ा, सेमारी, परसाद व जावर माइंस थाना एवं आसपास चौकियों सहित पुलिस लाइन से अतिरिक्त जाब्ता मौजूद रहा।

# कानोड़ नीमच रोड़ पर बरसात से टूटी सड़क बनी तरणताल, राहगीर परेशान

पदमावत मीडिया



**कानोड़ ।** नगर पालिका क्षेत्र में चार साल से टूटी सडकों से नगर वासी व राहगीर परेशान है। कानोड़ नीमच रोड चार साल से बडे बडे खड्डों में तब्दील हो चूका है राजनीतिक पार्टीया एक दुसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करती रहती है पर न तो किसी ने ठेकेदार को नोटिस दिया न अन्य कोई कार्रवाई की गई। हाल ही में नगर के युवाओं ने सड़क मरम्मत हेतु आन्दोलन किया जिसे क्षेत्रीय विधायक उदय लाल डांगी ने आश्वासन देकर समाप्त करवाया पर यह भी आश्वासन ही रहा अभी तक सड़क पर गड्डे ज्यों के त्यों ही है। आन्दोलन के दौरान अठ्ठारह माह विधायक रह चूकी प्रिति शक्तावत ने भाजपा पर कई आरोप-प्रत्यारोप लगातार राजनिति भी की ओर कुछ आधे अधूरे कामों को अपने कार्यकाल का गीनवा दिया लेकिन इन सब के बीच सडक वैसी ही बनी है जैसे यह नगर पालिका क्षेत्र नहीं है । नीमच रोड पर वाहन तो दुर की बात है कोई राहगीर पैदल भी नहीं चल सकता है। सडक पर जाते मानसून की बरसात ने खड्डों में पानी ऐसे भरा जैसे सडक तरण ताल हो । यह गड्डे देखकर नगर की राजनिति में एक दुसरे को कोसना शुरू तो कर देते है पर समाधान किसी के पास नहीं। नगर पालिका में जन प्रतिनिधियों की कमी नहीं पर जन प्रतिनिधियों का कुछ न बोलना किसी विवशता को तो समझाते है पर यह विवशता भी लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं। कानोड के मुख्य मार्गों के अतिरिक्त जलदाय विभाग द्वारा डाली गई पाईप लाईन के कारण भी नगर में भारी अव्यवस्था है पूरा नगर कीचड ओर गड्डों से भरा हुआ है। लोग ठेकेदार, अधिकारी ओर जन प्रतिनिधियों से बात कर समस्या बताते है पर कोई समाधान नहीं मिलता।

चुरू जिले में कोतवाली थाना पुलिस की कार्रवाई

# ज्वैलरी शोरूम में ध्यान भटका कर चोरी करने वाले गिरोह की चार महिला आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**जयपुर/चूरू।** चूरू जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने ज्वैलरी शोरूम में ध्यान भटका कर चोरी करने वाले गिरोह की चार महिला आरोपियों भेतरी उर्फ भतेरी प|ि करतार सिह बावरी (67), लक्ष्मी बावरी प|ि जितेन्द्र कुमार (33), राजबाई बावरी प|ि लखमी चन्द (39) निवासी पुलिस थाना रतिया जिला फतेहाबाद हरियाणा एवं सुश्री अनिता चौहान पुत्री रामू बावरी (22) निवासी वार्ड नम्बर 24 थाना रावतसर जिला हनुमानगढ को गिरफ्तार किया है।

एसपी जय यादव ने बताया कि घटना के संबंध में रविवार 13 अक्टूबर को थाना कोतवाली निवासी फारुख लोहार द्वारा रिपोर्ट दी गई कि सफेद घंटाघर के पास उसकी केड़ी ज्वेलर्स नाम से ज्वैलरी शॉप है। 10 अक्टूबर की दोपहर 4 महिलाएं उसकी दुकान पर आई और आर्टिफिशियल बाली व सोने के नाक के कांटे दिखाने को कहा। एक ट्रे में उसने आर्टिफिशियल बाली व सोने के नाक के कांटे देखने को दिए। चारों ने बातों में उलझा कर ट्रे में रखे हुए 8 नाक के कांटे व एक आर्टिफिशियल कान की बाली चुरा ली और सामान पसंद ना आने की कह चली गई। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर हैड कांस्टेबल सुभाष चंद्र द्वारा जांच शुरू की गई।

एसपी यादव ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल व सीओ सुनील कुमार झाझडिया के सुपरविजन में चोरी की वारदात की कुलसी के लिए थाना कोतवाली से एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा बस स्टैंड एवं भीड़ भा वाले स्थानों पर नजर रखी गई। मुखबिर की सूचना पर मामले में चार महिला आरोपियों को राजगढ़ कस्बे से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार महिला आरोपियों से चोरी का माल सोने के आठ कांटे व एक कानों की बाली बरामद की गई है। पुलिस की टीम उनके गिरोह के बाकी सदस्यों एवं अन्य वारदातों के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।

# पांचवां दिन - साधु पद की आराधना से सिद्धत्व की प्राप्ति होती है - आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर

## नवपद ओली के पांचवें दिन हुए विविध आयोजन, आयड़ जैन तीर्थ में अनवरत बह रही धर्म ज्ञान की गंगा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चातुर्मास काल के दौरान महाभारत पर प्रतिदिन प्रवचन दिए जा रहे है। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि रविवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे संतों के सानिध्य में ज्ञान भक्ति एवं ज्ञान पूजा, अष्ट प्रकार की पूजा--अर्चना की गई। वहीं नो दिवसीय नवपद की आयंबिल ओली सामूहिक आयोजन हो रहा है। आयड़ तीर्थ में 90 तपस्वी नवपद की आयंबिल ओली का सामूहिक तप कर रहे है।

नाहर ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने श्री नवपद की आराधना के पांचवें दिन नवपद की आराधना के विषय में बताया कि उपाध्याय पद की आराधना हमें विनय की भावना से भर देती है। विनय से ही आत्म जागृति का पथ उजागर होता है। विनय की भावना से अहंकार, घमण्ड का विसर्जन होता है। उपाध्याय पद की आराधना विनय प्राप्ति की आराधना है। विनय हमे लघुता सिरपानी है। आचार्य भगवन्त तीर्थंकर के समान है तो उपाध्याय भगवन गणधर के समान हैं। जब तीर्थकर भगवान केवलज्ञान के बाद अपनी प्रथम धर्म देशना देते है तो उसमें त्रिपदी की देशना देते है। इस त्रिपदी के ऊपर गणधर भगवान् द्वादशांगी की रचना करते हैं। इसी आदर्श अंग के जाता ध्याता उपाध्याय भगवंत होते है। उपाध्याय भगवंत का मुख्य कार्य है ज्ञान दान देना। साधु जीवन मे पाँच प्रहट तक स्वाध्याय करने का विधान है। ज्ञान दान में सदा अप्रभत्त रहते हैं। जिस प्रकार सतत जल के प्रवाह से पत्थर भी टुकड़े हो जाते हैं, उसी प्रकार उपाध्याय भगवान सतत ज्ञान दान से मुर्ख शिष्य को भी पंडित बना देते हैं। शास्त्र में कहा गया है कि जो संयमी को पढ़ाता है और पढ़ता है, उसे तीर्थंकर नामकर्म का बन्ध होता है। संयमी की दिनचर्या में सबसे ज्यादा समय स्वाध्याय-पढ़ाई में ही व्यतीत होता है शिष्यों को पठन-पाठन के द्वारा आगे बढ़ाते है. उपाध्याय भगवंत गण समुदाय का ध्यान रखने वाले होते है. सूत्र और अर्थ की बाचना देने वाले होते हैं, सरलता, नम्रता के साक्षात् मूर्तिवान होते हैं, अभिमान और अहंकार के विजेता होते हैं। नवपद ओली के लाभार्थी मनोहलाल, कंचनदेवी, नरेन्द्र कुमार, स्नेहलता, गौरव, मीनल, क्यारा, महेन्द्र अमिता सिंघवी परिवार एवं निर्मला देवी, डॉ. हेमंत- दिव्या, डॉ. शरद-डॉ सीमा, राज, फ्रेया, हरित कोठारी परिवार थे।

चातुर्मास समिति के अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्याध्यक्ष भोपालसिंह परमार, कुलदीप नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, अंकुर मुर्डिया, बिट्टू खाब्या, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

# हाईवे पर फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से लूट के मामले में तीन अभियुक्त बापर्दा गिरफ्तार

उदयपुर जिले में थाना बेकरिया पुलिस की कार्यवाही

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** जिले की बेकरिया थाना पुलिस की टीम ने करीब 3 महीने पहले हाईवे पर फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट से लूट की घटना का खुलासा कर तीन आरोपियों राकेश पुत्र दुदाराम व भगा राम पुत्र खीमाराम निवासी मालवा का चौरा एवं सुरेश पुत्र सिंगाराम निवासी आक्यावड थाना बेकरिया को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना के संबंध में गोगुंदा स्थित फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी जगदीश कुमार द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 8 जुलाई को वह कलेक्शन कर देवला से गोगुंदा जा रहा था। नेशनल हाईवे पर आक्यावड के पास अज्ञात बदमाशों ने कलेक्शन की रकम, कागजात व अन्य सामान लूट लिए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसपी गोयल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा व सीओ राजेंद्र सिंह राठौड के सुपरविजन एवं एसएचओ उत्तम सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों राकेश, भगाराम व सुरेश को डिटेन कर पूछताछ के बाद बापर्दा गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे घटना के संबंध में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया ने किया लोकापर्ण



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** अशोक नगर स्थित शिवलाल मोहनलाल टाया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्मित एवं संचालित विद्या प्रमाण कन्या छात्रावास का विधिवत भव्य लोकार्पण किया गया । कन्या छात्रावास अशोक नगर में 5800 वर्ग फीट प्लोट पर 33 कमरों का निर्माण किया गया है। जिसमें 66 छात्राएं रह सकेंगी। सभी कमरे पूर्ण सुविधायुक्त, सुसज्जित हैं। इस छात्रावास में छात्राओं को भोजन, अल्पाहार आदि की शुद्ध जैन रूप से व्यवस्था की गई है।

शिवलाल मोहनलाल टाया चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र टाया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल पंजाब एंव प्रशासन चण्डीगढ़ गुलाबचंद कटारिया थे। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन एवं उदयपुर नगर के महापोर गोवीद टॉक थे। समारोह में शिवलाल मोहनलाल टाया चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र टाया, सवित्री टाया एवं ट्रस्टी नरेंद्र टाया, प्रभा टाया, अमित टाया, पुनीत टाया, नेमीचंद जैन, विजय जैन, प्रकाश जैन, डॉ. अनिल कोठारी आदि का राजेश टाया द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर महामहीम गुलाबचंद कटारिया ने उक्त अवसर पर कहा कि शहर के मध्य में इतना अच्छा और बड़ा छात्रावास बना कर टाया परिवार ने बहुत पुण्य का कार्य किया है तथा कहा कि इसके नियम थोड़े सख्त बनावें ताकि कन्याओं की सुरक्षा रह सके। राज्यपाल कटारिया द्वारा निर्मल हड़पावत का भी सम्मान किया जिन्होंने उक्त परिसर को अपनी निशुल्क सेवाएं दी।

समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक बी .एच, बापना यू.सी. सी.आई. पेटर्न, वीरेंद्र सिरोया यू.सी. सी.आई. पूर्व अध्यक्ष, निर्मल सिंघवी पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गर्वनर, मनीष गलूंडिया यू.सी.सी.आई वरिष्ठ उपाध्यक्ष, किरण जैन, भाजपा शहर महिला महामंत्री, महावीर चपलोत जीतो पदाधिकारी, रोटरी क्लब उदयपुर के पदाधिकारी एंव सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। छात्रावास की वास्तु ,शुद्धि हेतु पूजन, विधान व हवन की मांगलिक क्रियाएं पंडित अंकित कुमार जैन शास्त्री द्वारा कराई गई । इस अवसर पर दिगम्बर जैन बीसा नसिहपुरा के सदस्य उपस्थित रहे।

# शुद्ध आहार, मिलावट पर वार खाद्य वस्तुओं की जांच जारी, 8 नमने लिए

**उदयपुर ।** प्रदेशवासियों को शुद्ध खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत उदयपुर जिले में खाद्य वस्तुओं की जांच का क्रम जारी है।

# खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन ने 101 शिक्षण सामग्री किट वितरित किए

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से सलूम्बर में समाज को एक जुट करने के लिए संगठन की यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव-गांव, ढ़ाणी-ढ़ाणी में घुमकर समाजजनों को रोजगार, शिक्षा एवं सामाजिक कुरुतियों पर जानकारी प्रदान की । खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि आदर्श युवा संगठन खटीक समाज सलूम्बर की ओर से खटीक समाज गरबा चौक में आयोजित सम्मान समारोह में खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के अतिथि को निमंत्रण दिया गया। जिस पर श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन कार्यकारिणी के पदाधिकारी वहां पहुंच समाज के बच्चों को उनकी शिक्षा को लेकर विशेष किट प्रदान किए गए। श्री खटीक समाज द्वारा स्कूल के नन्हे मुन्ने बालिकाओं को जिन्होंने गरबा नृत्य किया उनको संगठन की ओर से शिक्षा किट 101 वितरण किए गए। वहीं बेस्ट गरबा नृत्य करने वाले बच्चों को 51 मोमेंटो प्रदान किए गए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संस्थान जय निमावत एवं राष्ट्रीय महामंत्री पूरण चौहान ने बताया कि समाजजनों को एक मंच पर लाने के लिए जानकारी प्रदान की। बागड़ी ने बताया कि समाज को एक जूट करने के लिए गांव-गांव भ्रमण कर समाज के लोगों को अधिक से अधिक एक सूत्र में बांधने का काम कर रहे है। बागड़ी ने बताया कि समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए लाइब्रेरी खोली जाएगी। जिसमे समाज के बच्चों को पडने के लिए नि»शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खटीक समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह, समाज को शिक्षा में आगे बढ़ाना, समाज में युवाओं को रोजगार में मदद करना, सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना, समाज में असहाय, गरीबों को आगे बढ़ाने, समाज में बिखरा हुए समजजनों को एक माला में पिरोने का कार्य करेंगे। साथ ही समय-समय पर नि»शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।



इस अवसर पर श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक जय निमावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, राष्ट्रीय महामंत्री पुराण खटीक, देहात जिलाध्यक्ष केशू लाल खटीक, देहात जिला महामंत्री प्रभुलाल सांवरिया, जिला उपाध्यक्ष राहुल बागड़ी, सलूम्बर में श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें आदर्श युवा मण्डल खटीक समाज सलूम्बर के विजेश भलवाड़ा, विनोद चौहान, गोपाल सामरिया, संजय भलवाड़ा, मनोज खिंची, अर्जुन सुईल, राजेश भलवाडा, कमलेश सामरिया, कमलेश चौहान, जयप्रकाश भलवाड़ा, मनोज भलवाड़ा, लक्ष्मीलाल चौहान, आनन्द सामरिया, विजेश बागमार, निर्मल चौहान को सदस्य मनोनीत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।